सप्तदश

बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 01 फाल्गुन, 1945 (श०) / 20 फरवरी, 2024 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1)	शिक्षा विभाग	01
(2)	परिवहन विभाग	02
	कुल योग --	03

स्पीड ब्रेकर का निर्माण

9. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 दिसम्बर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''आधे से अधिक स्कूलों व अस्पतालों के पास साइनेज नहीं माँगी रिपोर्ट'' के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सड़कों का तेजी से निर्माण हो रहा है, परंतु उस हिसाब से साइनेज, स्पीड ब्रेकर, वाहन सुरक्षा का उपाय नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क सुरक्षा की समीक्षा में पाया गया कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में 60 प्रतिशत निजी, सरकारी स्कूलों और अस्पतालों के पास साइनेज और रोड ब्रेकर नहीं होने की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी निजी, सरकारी स्कूलों और अस्पतालों के पास साइनेज, स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाना

10. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 नवम्बर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''एन0एच0 पर दुर्घटनाएँ कम करने को सुधारे जायेंगे ब्लैक स्पॉट'' के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी एन0एच0 पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट को सुधार करने का आदेश दिया गया जिससे एन0एच0 पर दुर्घटनाएँ कम हो परंतु सुधार नहीं होने के कारण आये दिन काफी दुर्घटनाएँ हो रही हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में सभी एन0एच0 पर दुर्घटना रोकने के लिये एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने का आदेश दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के लिये चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चाईल्ड केयर लीव का प्रावधान करना

11. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों तथा बी0पी0एस0सी0 से चयनित महिला शिक्षकों को राज्य सरकार के अन्य महिला कर्मियों की भाँति चाईल्ड केयर लीव (सी0सी0एल0) का प्रावधान नहीं किया गया है, जबकि वो भी महिला है तथा राज्य सरकार के ही कर्मी हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महिला शिक्षकों के लिये चाईल्ड केयर लीव का प्रावधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 20 फरवरी, 2024 (ई0) ।

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 89(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550